दिनांकः 16.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए आज नई दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक ले रहे हैं। वे जम्मू–कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति का जायजा ले रहे हैं। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला मौजूद हैं। इनके अलावा इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक, सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे सहित वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, सीएपीएफ के महानिदेशक भाग ले रहे हैं। बैठक में जम्मू–कश्मीर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित हैं।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से योग के लाभ प्राप्त करने के लिए नियमित योगाभ्यास करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने आज सोशल मीडिया पर योग करते हुए अपना एक वीडियो साझा किया। उन्होंने वीडियो में पादहस्तासन के बारे में जानकारी दी।
इधर, प्रदेश में आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में विभिन्न स्थानों पर योग सप्ताह और योग महोत्सव आयोजित किये जा रहे हैं। नगर निगम जयपुर ग्रेटर की ओर से चल रहे महोत्सव में आज से योग अभ्यास शुरू हुआ। इसमें बिना रुके लगातार 1500 मिनट तक योगासन करवाया जा रहा है।
भरतपुर में जिला स्तरीय समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। पुलिस ग्राउंड में होने वाले समारोह में तीन हजार से अधिक लोग एक साथ योगाभ्यास करेंगे।
भीलवाडा में भी योग दिवस का कई जगहों पर पूर्वाभ्यास करवाया जा रहा है। रोजाना गांवों और शहरों में योग के कार्यक्रम हो रहे हैं। जिला स्तरीय मुख्य आयोजन भीलवाड़ा के राजेंद्र मार्ग स्कूल में होगा। इसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी सहित आम लोग शिरकत करेंगे।
बूंदी में आज से पांच दिवसीय योग शिविर शुरू हुआ। पुलिस पेंच ग्राउंड स्थित चंद्रप्रकाश स्टेडियम में चल रहे इस शिविर में आज पहले दिन पुलिसकर्मियों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने महिलाओं से नियमित रूप से योगाभ्यास करने की अपील की।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का ये पहला एपिसोड होगा। इसके कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। इसके अलावा नमो एप और माय जी ओ वी ओपन फोरम के जरिये भी अपने विचार साझा कर सकते हैं। इस अंक के लिए 28 जून तक सुझाव भेजे जा सकते हैं। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, न्यूज़ ऑन एआईआर वेबसाइट और मोबाइल एप पर सुना जा सकता है।
इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

....

प्रदेश में दाऊदी शिया बोहरा समुदाय आज ईद उल अज़हा का त्योहार परम्परागत रूप से मना रहा है। झालावाड ज़िले के झालरापाटन और सुनेल खानपुर में सुबह बुरहानी मस्जि़द में ईद की नमाज़ अदा की गयी। इस अवसर पर नमाजियों ने देश में अमन–चैन और खुशहाली तथा भाईचारे की दुआ मांगी। लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

....

प्रदेश में आज गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। सुबह से ही गंगा माता मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। वहीं विभिन्न स्थानों पर सरावरों में श्रद्धालु पवित्र स्नान कर रहे हैं। भरतपुर के गंगा मंदिर में फूल बंगला झांकी सजायी गयी है।
डीग में तीर्थराज विमल कुंड में स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। इसके लिए जिला प्रशासन ने कुंड में चंबल का पानी छोड़ा है। लोगों की सुविधा के लिए रोशनी, छाया और पानी की समुचित व्यवस्था की गयी है।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया संदेश में लोगों को गंगा दशहरा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्य की कामना की।

....

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की बारिश दर्ज की गयी। वहीं पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क रहा। मौसम विभाग के अनुसार कल बीकानेर और जयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर हीटवेव चली। राज्य में सबसे अधिक 45 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान पिलानी में दर्ज किया गया। धौलपुर, चूरू, श्रीगंगानगर और भरतपुर में पारा 45 डिग्री से ऊपर रहा। विभाग ने आज कोटा, उदयपुर और अजमेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश की संभावना जतायी है।

....